प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 21.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों की निगरानी के लिए प्रदेशभर में समितियों का गठन किया है।

2—सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री ने आज सूरजपुर जिले का दौरा किया।

3—आकाशवाणी द्वारा कल रायपुर में स्वरोत्सव संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा।

4—भारतीय सेना ने ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है।

## शिक्षा विभाग—जांच समिति

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों की निगरानी के लिए प्रदेषभर में समितियों का गठन किया है। यह समिति अशासकीय स्कूलों में फीस बढ़ोतरी तथा पुस्तक—गणवेष खरीदी की षिकायतों की जांच करेगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी किया है।
जारी आदेश में कहा गया है कि शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि छत्तीसगढ़ में संचालित अषासकीय स्कूलों द्वारा अभिभावकों को पुस्तक, गणवेष और अन्य सामग्री किसी एक ही फर्म से खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। संबंधित फर्म के अप्रत्याषित दाम की वजह से अभिभावकों पर वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। उनकी षिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर निगरानी और जांच समितियों का गठन किया गया है।

## मुख्यमंत्री—सूरजपुर

प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सूरजपुर जिला अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शुभारंभ किया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने अपने सूरजपुर प्रवास के दौरान रामानुजनगर में
तेंदूपत्ता संग्राहकों से बातचीत की। रामानुजनगर—पटना में आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री ने रामानुजनगर में मिनी स्टेडियम और पटना में हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत वे दस जून तक प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करेंगे।

## चिंतन शिविर

राज्य सरकार ने कहा है कि मछली पालन को प्रदेश में कृषि का दर्जा दिए जाने से इसकी लागत में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है। इससे मछली पालकों को बेहतर आर्थिक लाभ भी हो रहा है। आज रायपुर में मछली पालन के वैज्ञानिक तकनीक पर आयोजित चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए मछली पालन मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रदेश के किसानों के लिए मछली पालन अब उनकी समृद्धि का साधन बन गया है। उन्होंने कहा कि मछली पालकों की आमदनी बढ़ाने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तरीके अपनाए जा रहे हैं, इसी कड़ी में ''गिफ्ट तिलापिया'' तकनीक के तहत रायपुर और कांकेर में विशेष क्लस्टर बनाए गए हैं। श्री नेताम ने कहा कि वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक तिलापिया मछली उत्पादन को तीस हजार मीट्रिक टन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे राज्य को लगभग सौ करोड़ रूपये का विदेशी राजस्व मिलने की संभावना है।

## मुख्य सचिव–निर्देश

मुख्य सचिव विकासषील ने जल जीवन मिषन के तहत राज्य में नियमित पेयजल आपूर्ति और पानी की गुणवत्ता की लगातार जांच सुनिष्चित करने के निर्देष अधिकारियों को दिए हैं। मंत्रालय में राज्य जल और स्वच्छता मिषन की अपेक्स कमेटी की बैठक में जल जीवन मिषन टू प्वाइंट ओ, पीएम जन–मन कार्यक्रम और पीवीटीजी बसाहटों में पेयजल व्यवस्था सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि अब नल–जल योजनाओं के सुचारू संचालन और मॉनिटरिंग पर विषेष ध्यान देने की जरूरत है।

## यूपीएससी–प्रारंभिक परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने इस वर्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के लिए भुवनेश्वर, कानपुर और मेरठ में तीन नए परीक्षा केंद्र शुरू किए हैं। इसके साथ ही अब केंद्रों की कुल संख्या तिरासी हो गई है। इस वर्ष सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा चौबीस मई को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए कुल आठ लाख उन्नीस हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इस बीच, रायपुर में यूपीएससी की सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा जिले के बाईस केंद्रों में दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक और दूसरी पाली दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े चार बजे तक संचालित होगी। परीक्षा में आठ हजार चार सौ उनचास अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## आतंकवाद विरोधी दिवस

देशभर में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का उद्देष्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा की प्रवृत्ति से दूर करना है। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय तथा अशासकीय संस्थाओं में आतंकवाद विरोधी शपथ भी दिलाई गई। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ इक्यानवे में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी एक आतंकवादी हमले का षिकार हुए थे।

## आकाशवाणी रायपुर–स्वरोत्सव

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा कल बाईस मई को रायपुर में ''स्वरोत्सव'' संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शांति नगर स्थित विमतारा ऑडिटोरियम में शाम साढ़े छह बजे से आयोजित किया जाएगा। दो सत्रों में होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान सुगम संगीत और उप शास्त्रीय प्रस्तुतियां होंगी।

पद्मश्री मदन चौहान सुगम संगीत कार्यक्रम पेश करेंगे। वहीं, श्वेता शिवाले द्वारा उप शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

आकाशवाणी रायपुर के उप महानिदेशक तथा क्लस्टर प्रमुख वी. राजेश्वर ने बताया कि आकाशवाणी ने लोक प्रसारक के रूप में पिछले नब्बे वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस दौरान आकाशवाणी ने सूचना, शिक्षा, समाचार, मनोरंजन के माध्यम से अपने ध्येय वाक्य ''बहुजन हिताय–बहुजन सुखाय'' की परिकल्पना को साकार करने का काम किया है।

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर ने भी स्थानीय संस्कृति, लोक कला, शिक्षा, समाचार और मनोरंजन को गांव–गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

## भारतीय सेना–परीक्षा

भारतीय सेना ने ऑनलाइन सामान्य प्रवेष परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह ऑनलाइन परीक्षा आगामी एक से पांच जून तक और इसके बाद आठ से बारह जून तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में कुल दस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां हर दिन तीन से चार पालियों में परीक्षा ली जाएगी। सभी पंजीकृत उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेष पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## वंदे मातरम–तिथि

संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम फ्रेम्स राष्ट्रीय फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि सात मई से बढाकर इकतीस मई कर दी है। इस प्रतियोगिता का उद्देष्य राष्ट्र की साझा विरासत को पुनर्जीवित करना और उन आदर्षों के साथ एक नया जुड़ाव स्थापित करना है। यह प्रतियोगिता फिल्म निर्माताओं, रचनाकारों और नागरिकों को समकालीन प्रारूपों के माध्यम से वंदे मातरम की भावना को नए सिरे से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की जा रही है जिनमें– रील्स, एआई–आधारित फिल्में और लघु फिल्में शामिल हैं। विभिन्न श्रेणियों में पचास लाख रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आगामी इकतीस जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए पांच से अट्ठारह वर्ष के भारतीय नागरिक पात्र होंगे। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है, जो वीरता, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान–प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले बच्चों को दिया जाता है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

## कृषि महाविद्यालय–स्थापना दिवस

रायपुर के कृषि महाविद्यालय का छियासठवां स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। इस मौके पर वार्षिक समारोह के साथ ही महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मेलन भी आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के पहले बैच के उन तीन विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा, जो अब विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्टि उपलब्धि प्राप्त कर चुके हैं।

## मौसम का हाल–

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, धमतरी, दुर्ग, कबीरधाम सहित राज्य के चौदह जिलों के कुछ स्थानों में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना व्यक्त की है। अगले पांच दिनों तक मध्य

छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर ग्रीष्म लहर चल सकती है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

**धमतरी–एमओयू**

धमतरी जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रषासन और एक निजी संस्था के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत जिले के बेरोजगार युवाओं, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा डिप्लोमा धारकों के साथ ही कुशल और अर्द्धकुशल श्रमिकों को देष के विभिन्न राज्यों में रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। कलेक्टर अबिनाष मिश्रा ने कहा है कि जिला प्रषासन युवाओं को स्थानीय और राश्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसरों से जोड़ने के लिए प्रयास कर रहा है।

**समाचार संक्षेप में ...**

–बेमेतरा में पिछले पंद्रह दिनों से चल रहा "विकसित कृषि संकल्प अभियान" संपन्न हो गया है। इस दौरान शिविरों के माध्यम से करीब छह हजार किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई।

–रायपुर रेलमंडल द्वारा "विश्व पर्यावरण दिवस अभियान" के तहत उन्नीस से बाईस मई तक स्वच्छता और वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है।

–भिलाई पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर करीब साढ़े सात लाख रूपये की ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आज अदालत में पेश किए जाने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

–रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल के प्रतीक्षालय में तीस फीट ऊंची सीलिंग से गिरने के कारण एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

–जांजगीर–चांपा जिले के अर्जुनी गांव में तालाब में डूबने से आठ और नौ वर्ष की दो सगी बहनों की मौत हो गई।

–इसी जिले के खोखसा ओवरब्रिज के ऊपर बीती शाम तेज रफ्तार एक चारपहिया वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक छात्र सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य छात्र घायल हो गया है।

–दुर्ग स्थित छत्रपति षिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कल बाईस मई को जिला स्तरीय रोजगार मेला और प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>